**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**13.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**"मुख्य समाचार"**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–भू–स्खलन से निपटने के लिए बायो इंजीनियरिंग उपायों पर बल दे रही है राज्य सरकार।
- विश्व रेडियो दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को दी शुभकामनाएं–23 फरवरी को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए अपने विचार साझा करने का किया अनुरोध।
- सांसद राजीव भारद्वाज ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से जसूर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत कवर करने का किया आग्रह।
- स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

**समाचार विस्तार से**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार भू–स्खलन की समस्या से निपटने के लिए बायो इंजीनियरिंग उपायों पर बल दे रही है। उन्होंने कहा कि वेटिवर घास की खेती के लिए एक पायलट परियोजना शुरू की गई है जो मिट्टी को मजबूती से बांधे रखती है और भूमि कटाव को रोकती है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वेटिवर घास का उपयोग दुनियाभर में विशेष रूप से भू–स्खलन–प्रवण क्षेत्रों, राजमार्ग तटबंधों और नदी के किनारों पर मिट्टी संरक्षण के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने वेटिवर फाउंडेशन सी.आर.एस.आई. तमिलनाडु के सहयोग से भू–स्खलन से निपटने के लिए स्थायी शमन रणनीति विकसित करने के उद्देश्य से ये परियोजना शुरू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राधिकरण ने सी.आर.एस.आई. से वेटिवर नर्सरी उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है ताकि आगामी मॉनसून सीजन से पहले पर्याप्त मात्रा में पौधे उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि सी.आर.एस.आई. ने एक हजार वेटिवर घास के पौधे निशुल्क उपलब्ध करवाए हैं जिन्हें सोलन जिले के बेरटी में स्थापित नर्सरी में लगाया गया है।

**रेडियो दिवस**

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना पाने को प्रोत्सांहन देने के लिए हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस का विषय "**रेडियो और जलवायु परिवर्तन है।**" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रेडियो कई लोगों के लिए एक शाश्वत जीवन रेखा रहा है, जो लोगों को सूचित प्रेरित और जोड़ता है। नरेन्द्र मोदी ने रेडियो की दुनिया से जुड़े सभी लोगों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को इस महीने की 23 तारीख को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए अपने विचार साझा करने का भी अनुरोध किया है। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा है कि रेडियो सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का एक विश्वसनीय स्रोत

है। विश्व रेडियो दिवस पर नई दिल्ली में रेडियो महोत्सव–2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि रेडियो लोगों को जोड़ता है और राष्ट्रों व समुदायों के बीच संबंध बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संजय जाजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात अब एक परिवर्तनकारी मंच बन गया है, जहां आम लोगों की आवाज सुनी जाती है।

**रेडियो दिवस–2**

विश्व रेडियो दिवस पर अपने संदेश में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाचार और सूचना का प्रसार करते हुए रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड ने कहा कि आकाशवाणी लोगों को जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूक करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस बारे में कई कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है।

**जितेन्द्र सिंह**

केन्द्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि बायोटैक्नोलॉजी विभाग ने देश में उच्च कार्य निष्पादन, जैव विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बायो ई–3 नीति तैयार की है। सांसद सिंकदर कुमार द्वारा राज्यसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। जितेन्द्र सिंह ने बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने 24 अगस्त 2024 को बायो ई–3 नीति को अनुमोदन दिया है और इस नीति का उद्देश्य सतत् जैव विनिर्माण को बढ़ावा देना है।

**इंदु गोस्वामी**

केन्द्रीय नवीन व नवीकरण ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसोनाइक ने कहा है कि मंत्रालय की कचरे से ऊर्जा उत्पादन योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश से बायो गैस प्लांट स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत बायो गैस उत्पादन के लिए मंत्रालय 4 हजार 8 सौ किलो प्रतिदिन क्षमता के नए प्लांट पर चार करोड़ रूपये की केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

**राजीव भारद्वाज**

सांसद राजीव भारद्वाज ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और जसूर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत कवर करने की मांग की। राजीव भारद्वाज ने हिमाचल में रेलवे के सुदृढ़ीकरण और विस्तार योजनाओं के बारे में भी केन्द्रीय मंत्री से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने पठानकोट–जोगिन्दर नगर रेलवे लाईन ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने और आगामी पर्यटन सीजन में हिमाचल के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाने का अनुरोध किया। राजीव भारद्वाज ने केन्द्रीय मंत्री से पठानकोट से गुजरने

वाली दोनों वंदे भारत रेल गाड़ियों का पठानकोट में ठहराव का भी आग्रह किया। उन्होंने रेलवे बजट में हिमाचल को पर्याप्त धनराशि मुहैया करवाने के लिए केन्द्रीय मंत्री का आभार जताया। अश्विनी वैष्णव ने सांसद द्वारा उठाई गई मांगों पर सहमति जताई और रेलवे अधिकारियों को तत्काल उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने वर्तमान समय में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता बताई है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विधानसभा से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन मजबूत होना चाहिए तभी सरकार अपनी नीतियों को लोगों तक पहुंचा सकती है। शांडिल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में युवाओं को प्रशिक्षण देने की जरूरत है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार केवल झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रही है और केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति उदासीन रवैया अपना रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में केन्द्र सरकार की योजनाओं से प्रदेश के लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार को केन्द्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

**कुलदीप पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज चम्बा जिले में भटियात विधानसभा क्षेत्र की रायपुर पंचायत के मराड़ी गांव के लिए सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य पर करीब एक करोड़ रूपए खर्च होंगे और लोगों की सुविधा के लिए इसका निर्माण कार्य समयबद्ध पूरा किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में प्रस्तावित 15 सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए 4 सड़कों को अधिकार अधिनियम के तहत पर्यावरण अनुमति प्रदान कर दी गई है।

**मौसम**

प्रदेश में पिछले कुछ समय से बर्फबारी और बारिश न होने की वजह से सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं जिससे राज्य के किसानों व बागवानों की चिंता बढ़ गई है। जनवरी महीने में 84 फ़ीसदी और फरवरी महीने में अब तक 51 फ़ीसदी तक कम बारिश दर्ज की गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता.

## मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–भू–स्खलन से निपटने के लिए बायो इंजीनियरिंग उपायों पर बल दे रही है राज्य सरकार।
- विश्व रेडियो दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को दी शुभकामनाएं–23 फरवरी को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए अपने विचार साझा करने का किया अनुरोध।
- सांसद राजीव भारद्वाज ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से जसूर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत कवर करने का किया आग्रह।
- स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता बताई।